देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 235 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 23 दिसंबर 2021

**विचार-प्रवाह...**कृषि क्षेत्र में सरकारी पहल





मौसम | अधिकतम 18.0° | न्यूनतम 9.0° | 39243.39

2 12 घंटे समुद्र में तैरकर बचाई जान | 7 लाबुशेन पहली बार बने नंबर वन

# क्रिसमस-नए साल के जश्न पर रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला किया है। क्रिसमस और नए साल के जश्न में किसी भी तरह के जमावड़े पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस बाबत निर्देश जारी कर दिए हैं। इनमें जिलाधिकारियों को दिल्ली में उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया है जो कोविड-19 सुपरप्रेडर बन सकते हैं।

डीडीएमए ने अपने आदेश में सभी जिलाधिकारियों और डिस्ट्रिक्ट डीसीपी को सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि राजधानी में क्रिसमस या नए साल पर कोई जमावड़ा नहीं हो। ऐसे किसी भी कार्यक्रम या ईवेंट की अनुमति न दी जाए जहां लोगों के बड़े पैमाने पर जुटने की संभावना है। इतना ही नहीं, डीडीएमए ने कड़ाई से इस बात को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि दुकानों और कार्यस्थल पर लोगों की बिना मास्क एंट्री पर रोक लगाई जाए। मास्क पहने लोगों को ही यहां जाने की अनुमति हो। कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे को देखते हुए डीडीएम ने ये एहतियाती कदम उठाए हैं। सर्दी बढ़ते ही अचानक कोरोना के केसों में बढ़ोतरी से भी सरकार अलर्ट हो गई है। वह हर स्थिति पर गंभीरता से नजर रख रही है।

पूरी दुनिया में ओमीक्रोन तेजी से फैल रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है।

**क्या कहता है आदेश?**

डीडीएमए के आदेश में ओमीक्रोन के खतरे को स्वीकार किया गया है। सभी जिलाधिकारियों को अपने अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सर्वे करने के लिए कहा गया है। यानी वे उन सभी कॉलोनियों, मार्केट और स्लम्स का दौरा करेंगे जिनके सुपरस्प्रेडर बनने की आशंका है। इस काम में जिलों के डीसीपी उनके साथ समन्वय और सहयोग करेंगे। इन्हें सुपरस्प्रेडर बनने से रोकने के लिए तमाम एहतियाती कदम उठाए जाएंगे।

जिलाधिकारियों को आरडब्लूए के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। वे इन पदाधिकारियों से ओमीक्रोन के खतरे के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने के लिए कहेंगे। कहा गया है कि मास्क के बगैर कार्यस्थलों और दुकानों में कोई एंट्री नहीं होनी चाहिए। सभी लोगों से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर बनाए रखने की अपेक्षा की गई है। सभी रेस्टोरेंट और बार में सीटिंग कैपिसिटी के 50 फीसदी तक लोगों की अनुमति होगी। समारोह में 200 लोगों के आने तक की परमिशन होगी। किसी भी तरह के धार्मिक, राजनीतिक, मनोरंजन संबंधी जमावड़े पर रोक लगाई गई है।

## ओमीक्रोन के खतरे को देख दिल्ली सरकार ने उठाया कदम

**ओमीक्रोन के 214 मामले**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि देश में अब तक ओमीक्रोन के 214 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 6,317 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 318 लोगों ने संक्रमण से जान गंवाई है।



### देश में तेजी से बढ़ रहे ओमिक्रोन के मामले

देश में ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों के बीच कोरोना के सामान्य संक्रमण की स्थिति स्थिर बनी हुई है। प्रतिदिन छह से सात हजार नए मामले मिल रहे हैं और सक्रिय मामलों में भी लगातार गिरावट जारी है। वहीं, केरल में आज ओमिक्रोन के 9 और मामले सामने आए हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने बताया कि एर्नाकुलम में 6 और तिरुवनंतपुरम में 3 व्यक्ति ओमिक्रोन वैरिएंट से संक्रमित पाए गए हैं।

### अगले 6 से 8 हफ्ते भारत के लिए क्रिटिकल

पीएम मोदी ओमीक्रोन के हालात पर अहम बैठक करने जा रहे हैं। केंद्र ने राज्यों को गाइडलाइंस जारी करते हुए अलर्ट कर दिया है। ओमीक्रोन के मामले रोज बढ़ रहे हैं। ऐसे में मेदांता अस्पताल के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने आगाह किया है कि भारत के लोगों के लिए अगले 6 से 8 हफ्ते क्रिटिकल होंगे। मेदांता अस्पताल के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा है कि चिंतित होना तो जरूरी है, ये चिंता हमें कुछ हफ्ते पहले ही हुई। उस टाइम ये था कि देश में आया है या नहीं आया है। आज के समय में स्पष्ट हो गया है कि ये फैल रहा है, हिंदुस्तान में पहले से है और इसकी मल्टीप्लाई करने की जो क्षमता है वह डेल्टा वायरस से तीन-चार गुना ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 को दून आएगी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड में होने वाले आगामी सामान्य विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग की टीम 23 दिसम्बर को देहरादून आ रही है। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा, निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, अनूप चंद्र पाण्डेय व भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी 23 व 24 दिसम्बर को विभिन्न समीक्षा बैठक करेंगे।

### राफेल में मिसाइल लगाने वाली कंपनी पर 8.54 करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने राफेल लड़ाकू विमान में मिसाइल लगाने वाली यूरोपीय कंपनी एमबीडीए पर करीब 10 लाख यूरो (8.54 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना कंपनी के द्वारा समझौते की शर्तो का पालन न करने के कारण लगाया गया है।

# उनके नुमाइंदे मेरे हाथ-पैर बांध रहे हैं... अब विश्राम का समय है

## उत्तराखंड में हरीश रावत ने गांधी परिवार के खिलाफ खोला मोर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हरीश रावत प्रदेश के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं, जो बेबाकी से इंटरनेट मीडिया के जरिये अपने दिल की बात कह देते हैं। बुधवार दोपहर को भी रावत की फेसबुक पर की गई एक पोस्ट ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। सूत्रों के मुताबिक हरीश रावत कांग्रेस प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव के रुख से नाखुश हैं। रावत पिछले कई महीनों से खुद को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन आलाकमान ने इसे खारिज कर सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही है।

### मन में आ रहे विचार

हरिश रावत ने लिखा, जिनके आदेश पर तैरना है, उनके नुमाइंदे मेरे हाथ-पांव बांध रहे हैं। मन में बहुत बार विचार आ रहा है कि हरीश रावत अब बहुत हो गया, बहुत तैर लिए, अब विश्राम का समय है! तैर लिये, अब विश्राम का समय है! फिर चुपके से मन के एक कोने से आवाज उठ रही है न दैन्यं न पलायन बड़ी उपापोह की स्थिति में हूं, नया वर्ष शायद रास्ता दिखा दे। विश्वास है कि भगवान केदारनाथ जी इस स्थिति में मेरा मार्गदर्शन करेंगे !

पूर्व सीएम ने लिखा, है न अजीब सी बात, चुनाव रूपी समुद्र को तैरना है, सहयोग के लिए संगठन का ढांचा अधिकांश स्थानों पर सहयोग का हाथ आगे बढ़ाने के बजाय या तो मुंह फेर करके खड़ा हो जा रहा है या नकारात्मक भूमिका निभा रहा है। जिस समुद्र में तैरना है।

**नया साल दिखाएगा रास्ता?**

इसके बाद हरीश रावत ने दूसरा ट्वीट किया और उन्होंने लिखा, शफिर चुपके से मन के एक कोने से आवाज उठ रही है ष्न दैन्यं न पलायनम्ष बड़ी उपापोह की स्थिति में हूं। नया वर्ष शायद रास्ता दिखा दे। मुझे विश्वास है कि भगवान केदारनाथ जी इस स्थिति में मेरा मार्गदर्शन करेंगे।

**विश्राम का समयः** सत्ता ने वहां कई मगरमच्छ छोड़ रखे हैं। जिनके आदेश पर तैरना है, उनके नुमाइंदे मेरे हाथ-पांव बांध रहे हैं। मन में बहुत बार विचार आ रहा है कि हरीश रावत अब बहुत हो गया, बहुत तैर लिए, अब विश्राम का समय है! हरीश रावत के इस ट्वीट के बाद खलबली मच गई।

# बताना होगा दागी प्रत्याशियों को टिकट देने का कारण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### निर्देश

■निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देश

पणजी। 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों में दागी नेताओं व उन्हें टिकट देने वाले दलों को निर्वाचन आयोग की सख्ती का सामना करना पड़ेगा। राजनीतिक दलों को जनता से यह बताना होगा कि उन्होंने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेता को टिकट क्यों दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने बुधवार को बताया कि यह नियम पहले सख्ती से लागू नहीं था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के क्रम में इसे कड़ाई से लागू किया जाएगा।

**वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी जानकारीः** पणजी में संवाददाताओं से बातचीत में चंद्रा ने कहा, राजनीतिक दलों को सार्वजनिक तौर पर यह बताना होगा कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को टिकट क्यों दे रहे हैं। यह स्पष्टीकरण उन्हें पार्टी की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। राजनीतिक दलों को बताना होगा- हमने फलां-फलां को टिकट दिया है.. यह इनका आपराधिक इतिहास है। हम इन्हें इस वजह से टिकट दे रहे हैं। संबंधित क्षेत्र में हमने इनसे बेहतर कोई दावेदार नहीं पाया।

**मतदान केंद्रों की होगी वेबकास्टिंग**

सीईसी ने कहा, पूर्व में राजनीतिक दल बता देते थे कि दागी प्रत्याशी ने अपने क्षेत्र में काफी सामाजिक काम किए हैं, इसलिए उन्हें टिकट दिया जा रहा है। आगामी चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने अपनी टीम के साथ गोवा पहुंचे चंद्रा ने कहा, श्मतदाताओं को यह पता होना चाहिए कि पार्टी ने दागी को टिकट क्यों दिया।

पार्टी, प्रत्याशी तय करती है, लेकिन अपना प्रतिनिधि तो जनता ही चुनती है। हम सख्ती बरतेंगे और चुनाव की घोषणा के साथ ही एक एप लांच करेंगे। सीईसी ने कहा कि चुनाव के दौरान इंटरनेट मीडिया की निगरानी की जाएगी। नफरत फैलाने वाली पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 3117 को दी गई नागरिकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से चार साल में आए 8244 आवेदन

नई दिल्ली। भारत की नागरिकता के लिए पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान से कुल 8244 गैर मुसलमानों ने आवेदन किया है। इनमें से 3117 के आवेदनों को अनुमति दी गई है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में दी। राय ने कहा कि साल 2018 से 2020 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, जैन, सिख और ईसाई अल्पसंख्यक समूहों से नागरिकता के लिए 8244 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले लोगों में 3117 व्यक्तियों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि साल 2018 में इन तीनों देशों के 628 लोगों को भारत की नागरिकता प्रदान की गई थी। वहीं, साल 2019 में यह संख्या 987, 2019 में 987 और 2020 में 639 रही थी। साल 2021 में कितने लोगों को भारत की नागरिकता दी गई है, इस बारे में केंद्रीय मंत्री ने कोई जानकारी नहीं दी।